पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में राज्यस्तरीय इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक सम्पन्न

इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी अपने सदस्यों की संख्या बढ़ायें

रेडक्रॉस सोसायटी क्षयरोग ग्रसित बच्चों को गोद लें

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 18 फरवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश शाखा के 25 जनपदों की बैठक आज राजभवन लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सभी जनपदीय रेडक्रॉस सोसायटी मार्च 2021 तक अपना चुनाव कराकर राजभवन को सूचित करें ताकि राज्यस्तरीय इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी का गठन किया जा सके। इसके साथ ही सभी जनपदीय सोसायटी अपने सदस्यों की सख्या बढ़ायें तथा जन उपयोगी कार्यों को बढ़ावा दे।

राज्यपाल ने कहा की रेडक्रॉस सोसायटी सम्भ्रांत लोगों, समाजसेवियों सरकारी विभागों तथा विद्यालयों में भी अपना जनसम्पर्क बढ़ाकर अपने सदस्यों की संख्या बढ़ायें ताकि रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से किये जाने वाले सामाजिक कार्यों के लिये फण्ड जुटाने के साथ–साथ उन्हें भी सामाजिक कार्यों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि उचित होगा कि विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी गठित हो तथा उन्हें प्रशिक्षण व सामाजिक कार्यो के साथ–साथ प्राथमिक उपचार से जोड़ा जाये, ऐसा करने से ये सन्देश हर घर तक पहुँचेगा

तथा परिवार भी रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी को क्षयरोग ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उनका उपचार एवं देख–भाल करना चाहिए इसके अलावा दिव्यांगों पीड़ितों असहायों, बीमार व्यक्तियों की मदद हेतु हर सम्भव उपाय करना चाहिये उन्होंने लखनऊ एवं महिला जेल का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों पर बीमार व्यक्तियों को लाने ले जाने हेतु राजभवन से ई–रिक्शा उपलब्ध करायें गये है। ये कार्य रेडक्रॉस सोसायटी भी कर सकती है इस प्रकार के क्रिया कलापों से रेड क्रॉस सोसायटी के प्रति लोगों का विश्वास जगेगा।

राज्यपाल ने कहा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा रेडक्रॉस सोसायटी आयुष्मान भारत योजना के कार्ड स्वयं सहायता समूहो के बनवाकर उन्हें जोड़ने का प्रयास करें ताकि ग्रामीण गरीब महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स को प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय एवं आंगबाड़ी केन्द्र को उपलब्ध कराया जा सकता है उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में कुपोषित बच्चों का आंकलन करें तथा कुपोषण दूर करने के लिये जन आन्दोलन चलायें ताकि हमारे बच्चे स्वस्थ एवं सशक्त हों उन्होंने कहा कि कालेज एवं यूनिवर्सिटी में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाये जा सकते है। इस प्रकार के आयोजन साल में कम से कम दो बार किये जाए इसके साथ ही प्रत्येक जिले में विभिन्न ब्लड ग्रुप के लोगों की पहचान की जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित ब्लड ग्रुप के व्यक्ति से सम्पर्क कर जरूरत मंद को ब्लड उपलब्ध कराया जा सके।

राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक जनपद की रेडक्रॉस सोसायटी अपने क्रिया–कलापों की बिन्दुवार आख्या राजभवन तथा राज्यस्तरीय रेडक्रॉस सोसायटी को उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नही की जायेगी।

अपर मुख्यचिव श्री राज्यपाल ने कहा कि सभी रेडक्रॉस सोसायटी निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य करे साथ ही प्राप्त होने वाली धनराशि उचित रखरखाव, बैलेन्स सीट तैयार करना, समय पर प्रतिवर्ष आडिट कराना जिलाधिकारी के अनुमोदन पर धनराशि व्यय करने जैसे कार्य नियानुसार करें उचित होगा की प्राप्त धनराशि को जरूरत मन्दो, दिव्यागों क्षय रोग ग्रसित बच्चों, गम्भीर बीमार रोगियों पर व्यय की जाये।

बैठक में अपर मुख्यसचिव चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद, महासचिव रेडक्रॉस सोसायटी डॉ हिमा बिन्दुनायक, उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी स्टेट यूनिट की सत्यानन्द पाण्डेय विभिन्न जनपदों से आये रेडक्रॉस सोसायटी के चेयर मैन सभापति आदि मौजूद थे।

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (152/18)